
# रायबरेली, सोनभद्र



## भाजपा युवा मोर्चा ने सोनिया राहु का फुका पुतला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा सोनभद्र के जिला उपाध्यक्ष विक्रम हिरेश द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को राहुल गांधी व सोनिया गांधी का पुतला फूका। इनके द्वारा नेशनल हेराल्ड में किये गये घोटाले के विरोध में प्रदर्शन किया आज स्वर्ण जयंती चौक तक पैदल मार्च किया और और स्वर्ण जयंती चौक पर पुतला दहन किया महामंत्री रजनी ने कहा कि ईडी ने यंग इंडिया मनी लांड्रिंग केस में 15-4-2025को चार्जशीट दाखिल किया। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी है जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने हमेशा देश को लुटने का काम किया है जब कांग्रेसी नेता पुरे तरह फस गये हैतो बौखला कर देश भर में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत मुन्ना दुबे जिला मंत्री उत्कर्ष पाण्डेय, अतुल पाण्डेय जिला सोशल मीडिया प्रमुख राहुल श्रीवास्तव, जिला सह मिडिया रोशन सिंह,सौरभ चतुर्वेदी , जिला मंत्री विनोद पटेल , जिला मंत्री शिवम सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर सम्मान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने बताया कि संगठन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत आगामी 21 अप्रैल को भाजपा जिला कार्यालय पर अनूसचित जाति द्वारा डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर सम्मान अभियान गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसकी तैयारी जिलाध्यक्ष नंदलाल के नेतृत्व में पूरी हो चुकी है। विचार गोष्ठी कार्यक्रम में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी लोगो को इस कार्यक्रम में सहभागिता करनी है और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को आज कौन से राजनैतिक दल की सरकार आगे बढ़ा रही है। इस पर विस्तृत चर्चा इन समाज के बीच में करना है भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली मोदी जी की सरकार ने बाबा साहब के विचारों की प्रेरणा से लगातार काम कर रही है, जिसमें शोषित वंचित दलित समाज के लोगो का उत्थान हो रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार की बहुत सारी योजनाएं जो इन समाज के लोगो को ध्यान मे रखकर बनायी गयी है। और आज उसका लाभ इन सभी लोगो को मिल रहा है। बाबा साहब ने धारा 370 का उस समय पुरजोर विरोध किया था और उन्होने यह भी कहा था कि जब देश मे भ्रष्टाचार चरम पर हो जाये तो देश की करंसी को भी समय समय पर बदलते रहना चाहिए। आज उन्ही के विचारों को मोदी जी ने पूर्ण करके दिखाया है। जिसमें बाबा साहब के विचारों का आदान प्रदान किया जायेगा।



## कानूनी टिप्स देकर महिला सिपाही कर रही जागरूक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

# कार्यालय ग्राम पंचायत-बेलकप, वि0ख0 राबर्ट्सगंज-सोनभद्र

पत्रांक-मेमो/टेण्डर-सा0आ0सू0/2025-26 दिनांक-19/04/2025

## निविदा विज्ञप्ति

ग्राम पंचायत अन्तर्गत स्वच्छ मिशन राज्य वित्त/केन्दीय वित्त/मनरेगा/अन्य प्राप्त मदों योजनान्तर्गत अन्तर्गत ग्राम पंचायत-बेलकप विकास खण्ड राबर्ट्सगंज मे वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले कायो पर सामग्री गिट्टी, बालू सरिया, बोल्डर, सीमेन्ट, स्टोन, बैलास्ट, डाला ग्रिट 20 एम0एम0, ईट, हयूम एन0पी03 कालर, इण्टरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, स्टोन डस्ट, हैण्डपम्प सामाग्री, हैण्ड पम्प रिबोर, सोलर पम्प मिट्टी व अन्य सामाग्री ढुलाई, स्वच्छता कार्य से सम्बन्धिम सामाग्री व उपकरण, शौचालय निर्माण सामाग्री , ई रिक्शा स्ट्रीट लाईट, पेन्ट, पुट्टी, कोटा स्टोन, बिजली सम्बन्धित सामाग्री, साईन बोर्ड व आवश्यकतानुसार अन्य सामाग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक- 21/04/025 से 29/04/2025 के मध्य सायं 03 बजे तक योजना पर सामग्री आपूर्ति हेतु दरे तथा वाछित संलग्नक बंद लिफफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर प्राप्ति करें, जो दिनांक 29/04/2025 को आपूर्तिकर्ता के समक्ष सांय 02:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति, टेण्डर दाताओं जो उपस्थित रहना चाहते हों के समक्ष पंचायत भवन पर खोला जाएगा। टेण्डर फार्म निर्धारित शुल्क रु0-500.00 मात्र जमा कर कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। नियम और शर्ते टेण्डर फार्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी।

ग्राम पंचायत- बेलकप
वि0ख0-राबर्ट्सगंज, सोनभद्र
ग्राम प्रधान संजय सिंह

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- बेलकप
वि0ख0 -राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र